30/295

प्रमुख सचिव
राजस्थान विधान सभा,
जयपुर।

विषय- विधान सभा क्षेत्र शिव में विद्युत आपूर्ति में उचित वोल्टेज सप्लाई नहीं किए जाने से काश्तकारों एवं आम ग्रामवासियों को हो रही परेशानी से निजात दिलाने के संबंध में प्रक्रिया नियम 295 के अंतर्गत विशेष उल्लेख।

महोदय,

उपरोक्त विषय के संबंध में उल्लेख किया जाना है कि मेरे विधान सभा क्षेत्र शिव में काश्तकारों एवं आम ग्रामवासियों को सुचारु रूप से विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है। बिजली सप्लाई के समय वोल्टेज में उतार-चढ़ाव के कारण प्रायः विद्युत आपूर्ति ट्रिप होती रहती है। बिजली सप्लाई के लिए पर्याप्त क्षमता का जी.एस.एस. नहीं होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हो रही है। बिजली की सर्वाधिक खपत के समय तो हर 5-10 मिनट में बिजली आती-जाती रहती है। वोल्टेज में अनियमितता से घरेलू उपकरण जैसे टीवी, फ्रिज आदि भी खराब हो जाते है। निर्बाध आपूर्ति और उपभोग के अनुरूप वोल्टेज नहीं मिलने के कारण काश्तकारों और क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मेरा राज्य सरकार से आग्रह है कि विधान सभा क्षेत्र शिव में उपरोक्त समस्या का स्थायी समाधान करवाने हेतु संबंधित जिम्मेदार को सख्त निर्देश प्रसारित करें तथा पर्याप्त क्षमता के जी.एस.एस. का निर्माण कराया जाये ताकि स्थानीय जनता को इस समस्या का स्थायी समाधान मिल सके।

भवदीय,

(रविन्द्र सिंह भाटी)

विभाजन संख्या 126